पूछताछ के दायरे पर सुनवाई और सबमिशन से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

अगर आप जिस जानकारी को ढूँढ रहे हैं वह इस पेज पर मौजूद नहीं है या आपके पास कोई अन्य सवाल है, तो कृपया coronial.response@justice.govt.nz पर ईमेल भेजकर या 0800 88 88 20 पर फ़ोन करके, कोरोनियल सेवाओं से संपर्क करें।

इस पेज पर, आपको दिसंबर में पूछताछ के दायरे में होने वाली सुनवाई और सबमिशन बनाने से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब मिलेंगे।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल इन विषयों को कवर करते हैं:

- पूछताछ के दायरे पर सुनवाई।
- कोई सबमिशन बनाना

सुनवाई के बारे में

अगर मैं सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेने या दूर से देखना चाहती/चाहता हूँ, तो मुझे क्या करना होगा?

अगर आपने व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेने या दूर से देखने के लिए पहले ही रजिस्टर कर लिया है, तो आपको कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है।

अगर आपने रजिस्टर नहीं किया है, तो आप यहाँ भी कर सकते हैं: https://consultations.justice.govt.nz/comms/1a09bc2b/

आपको 23 दिसंबर 2021 तक रजिस्टर करना होगा।

क्या मैं ऑनलाइन सुनवाई देख सकती/सकता हूँ?

हाँ, पर आपको 23 दिसंबर 2021 तक रजिस्टर करना होगा।

दूर से सुनवाई देखने से जुड़ी जानकारी को उसकी तारीख के आस-पास उपलब्ध कराया जाएगा।

क्या सुनवाई की व्याख्या की जाएगी?

नहीं।

हालाँकि, अगर आपको व्यक्तिगत रूप से सुनवाई में हिस्से ले रहे हैं और सुनवाई के दौरान आपको अपने वकील या अदालत के कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए अनुवादक की ज़रूरत है, तो हमारे पास आपकी मदद के लिए अनुवादक उपलब्ध होंगे। अगर आपको लगता है कि आपको मदद की ज़रूरत है, तो कृपया इस बात की जानकारी सुनवाई में हिस्सा लेने/देखने के लिए रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म भरते समय दें या coronial.response@justice.govt.nz पर ईमेल करें।

अगर मैं क्राइस्टचर्च के बाहर किसी जगह पर हूँ तो क्या होगा? क्या मुझे सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए पैसे मिलेंगे?

22-24 फ़रवरी 2022 की सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए लोगों को कितने पैसे मिलेंगे, इस बारे में जानकारी अभी तैयार की जा रही है। जैसे ही इस बारे में कोई फ़ैसला होगा, हम आपको इसकी सूचना देंगे।

यह सुझाव दिया जाता है कि सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए आप अपनी पसंद को रजिस्टर करें, भले ही फ़िर यह फ़ैसला पैसे पर निर्भर करता हो।

क्या मैं अपने साथ समर्थन के लिए लोगों को ला सकती/सकता हूँ?

हाँ, लेकिन तब जब खाली जगह बची हो।

सुनवाई में कितना समय लगेगा?

सुनवाई तीन दिन तक चलने की उम्मीद है और यह सामान्य अदालत के घंटो (सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक और ब्रेक भी शामिल है) के अनुसार चलेगी।

कोई सबमिशन बनाना

सबमिशन कौन बना सकता है?

सिर्फ़ शहीदों के परिवार या अन्य इच्छुक पार्टी सबमिशन बना सकते हैं। उनके वकील उनकी ओर से सबमिशन बना सकते हैं।

मैं लिखित रूप में सबमिशन कैसे बना सकती/सकता हूँ?

मुख्य कॉरोनर के मिनट में बताई गई पूछताछ के प्रस्तावित दायरे को संबोधित करते हुए एक लिखित सबमिशन बनाया जा सकता है। मिनट के किन हिस्सों से आप सहमत नहीं है और क्यों सहमत नहीं हैं, इस बारे में तर्क दिए जा सकते हैं।

कानूनी सबमिशन लिखना आसान काम नहीं है। इसे लिखने के लिए, इससे जुड़े केस लॉ और साथ ही कानून से जुड़ी जानकारी की ज़रूरत होती है। अगर आपके पास वकील है, तो हमारा सुझाव है कि आप अपने वकील से आपकी ओर से सबमिशन बनाने के लिए कहें।

लिखित सबमिशन 4 **फ़रवरी 2022** तक coronial.response@justice.govt.nz पर भेजी जानी चाहिए।

लिखित सबमिशन की आखिरी तारीख कब है?

इच्छुक पार्टी को 4 **फ़रवरी 2022 को शाम 5:00 बजे** तक सारे लिखित सबमिशन मिल जाने चाहिए।

अगर मैं लिखित सबमिशन बनाती/बनाता हूँ, तो क्या मुझे सुनवाई में हिस्सा लेना होगा?

नहीं।

कॉरोनर विंडले सभी लिखित सबमिशन पर ध्यान से विचार करेंगी, चाहे आप या आपके वकील सुनवाई में हिस्सा लें या न लें।

क्या लिखित सबमिशन का किसी ख़ास फ़ॉर्मैट में होना ज़रूरी है?

अगर आपका वकील आपके लिए एक लिखित सबमिशन दे रहा है, तो सबमिशन एक स्टैंडर्ड लीगल सबमिशन फ़ॉर्मैट का पालन करेगा।

अगर आप अपना सबमिशन खुद दे रहे हैं, तो आप वर्ड या PDF डॉक्यूमेंट में या ईमेल के मुख्य हिस्से में सबमिशन दे सकते हैं।

लिखित सबमिशन में, उस खास जानकारी (मिनट) के उस हिस्से की साफ़ तौर पर चर्चा होनी चाहिए जिससे सबमिशन संबंधित है। उदाहरण के लिए, क्या यह इनसे संबंधित है:

- कॉरोनर्स ऐक्ट या केस लॉ से जुड़ी जानकारी (व्याख्या);
- खास जानकारी देने वाले पैराग्राफ़ 67 में बताए गए वे मुख्य विचार जिससे मुख्य कॉरोनर का दृष्टिकोण निर्देशित होता है;
- अपेंडिक्स A में बताए गए किसी खास मुद्दे के लिए दिया जाने वाला जवाब।

क्या ओरल सबमिशन दिया जा सकता है?

हाँ।

हमारा सुझाव है कि आपका वकील आपके लिए ऐसा करे।

अगर आपके पास कोई वकील नहीं है और आपको अपना सबमिशन खुद देना है, तो कॉरोनियल सर्विसेज़ को इस बात की जानकारी देने के लिए, कृपया coronial.response@justice.govt.nz पर

एक ईमेल भेजें। आपको जो सबमिशन देनी है उसकी एक **लिखित आउटलाइन** भी **4 फ़रवरी 2022** तक उपलब्ध करवानी होगी।

अगर मेरी ओर से ओरल सबमिशन करने के लिए पहले से कोई वकील मौजूद है, तो क्या सुनवाई के दौरान मुझे भी बोलने की अनुमति होगी?

अगर आपके पास, आपकी बात रखने के लिए कोई वकील मौजूद है, तो सुनवाई के दौरान वे ओरल सबमिशन कर सकते हैं। आम तौर पर, इस मुद्दे में रुचि रखने वाला पक्ष, खुद ओरल सबमिशन नहीं कर सकता।

हालाँकि, खास परिस्थितियों में, कॉरोनर विंडले इसकी अनुमति देने पर विचार करेंगी। ऐसा काफ़ी कम होता है। अगर आपको खुद ओरल सबमिशन करना हो, तो पहले आपको अपने वकील के साथ इस बारे में बात करनी चाहिए।

अगर मेरे पास वकील नहीं है, तो सुनवाई के दौरान मैं व्यक्तिगत रूप से अपनी बात कैसे रखूँ?

अगर आपके पास वकील नहीं है, तो आपको ओरल सबमिशन करने की अनुमति होगी। आपको जो सबमिशन देनी है उसकी एक **लिखित आउटलाइन** भी **4 फ़रवरी 2022** तक उपलब्ध करवानी होगी।

सुनवाई के दौरान, ओरल सबमिशन देने की तैयारी करने के लिए हमारे सुझाव हैं कि:

- मुख्य कॉरोनर ने रिपोर्ट (मिनट) में जो कहा है, उसे देखते हुए, आपको इस बात की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए कि किसी भी पहलू को जाँच में क्यों शामिल किया जाना चाहिए।
- उन मुख्य बातों को लिख लें जो आपको कहना है। इन बातों को सुनवाई के दौरान पढ़ा जा सकता है।
- उन बातों की प्रैक्टिस कर लें जो आपको बोलना है। इससे आपको इस बात की पुष्टि करने में मदद मिलती है कि ये बातें स्पष्ट और तार्किक हैं।

सुनवाई के दौरान, कॉरोनर विंडले आपको बताएँगी कि आपको कब बोलना है। इस बात की संभावना ज़्यादा है कि सभी वकीलों के सबमिशन के बाद आपको मौका दिया जाए।

क्या बिना किसी पूर्व सूचना के, मुझे इस बात की अनुमति होगी कि मैं ओरल सबमिशन दे सकूँ?

नहीं।

क्या ओरल सबमिशन के लिए, कोई शेड्यूल या समयसीमा होगी?

इस बात का एक शेड्यूल होगा कि सुनवाई में कौन सबमिशन पेश कर रहा है। यह ज़रूरी है कि सुनवाई में उन सभी लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिले जो ऐसा चाहते हैं।

ओरल सबमिशन देने वाले पक्षों की संख्या जान लेने पर, कॉरोनर विंडले विचार करेंगी कि क्या हर एक स्पीकर के लिए एक समय सीमा निर्धारित करना ज़रूरी है।

यह ज़रूरी नहीं है कि ओरल सबमिशन में वे सारी बातें कही जाएँ जो लिखित सबमिशन में शामिल हैं। हालाँकि, इसमें मुख्य बातों का शामिल होना ज़रूरी है।

क्या लोग, पहले से रिकॉर्ड किए गए ओरल सबमिशन पेश कर सकते हैं?

नहीं।

क्या सबमिशन, अन्य भाषा में तैयार किया जा सकता है?

यह बेहतर है कि सबमिशन न्यूज़ीलैंड की आधिकारिक भाषाओं में से किसी एक में तैयार किया जाए: टे रियो माओरी (te reo Māori), अंग्रेज़ी, या न्यूज़ीलैंड साइन लैंग्वेज।

अगर आपका लिखित सबमिशन अंग्रेज़ी में नहीं है, तो आपको उसी समय सबमिशन के अंग्रेज़ी अनुवाद वाला ऐसा वर्शन उपलब्ध कराना होगा जो कानूनी तौर पर सही हो।

अगर आप अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में ओरल सबमिशन पेश कर रहे हैं, तो आपको हमें इस बात की जानकारी देनी होगी, ताकि हम सुनवाई के लिए एक इंटरप्रेटर (दुभाषिया) की व्यवस्था कर सकें। आपको अंग्रेज़ी में, अपने सबमिशन की एक लिखित आउटलाइन देनी होगी।

सुनवाई खत्म होने से पहले, क्या कॉरोनर विंडले स्कोप पर अपना फ़ैसला सुनाएंगी?

इसकी संभावना नहीं है। इस बात की संभावना ज़्यादा है कि कॉरोनर विंडले, सुनवाई के कुछ समय बाद, सभी लिखित सबमिशन और सुनवाई में पेश किए गए सबमिशन पर विचार करने के बाद कोई फ़ैसला सुनाएँगी।